कार्यालय,अधिष्ठाता

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शहडोल (म.प्र.)

क्रमांक/स्था./अराज./एम.सी./2024–25/5061 शहडोल,दिनांक 11/09/2024

## "बी.एस.सी.नर्सिंग उत्तीर्ण अनुबंधित (बॉण्डेड) छात्राओं हेतु विज्ञप्ति सूचना"

"म0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल का पत्र क्रमांक एफ 2–20/2020/1/55 दिनांक 17.11.2020 एवं संचालनालय चिकित्सा शिक्षा भोपाल के पत्र क्रमांक/2188–2201/स्था./नर्सिंग /2024 भोपाल दिनांक 25.07.2024 के परिपालन में शैक्षणिक सत्र–2018–19 में म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय से बी.एस.सी. नर्सिंग उत्तीर्ण अनुबंधित छात्राओं की नियुक्ति के संबंध में प्राप्त दिशा निर्देशानुसार "म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018" के अंतर्गत बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में परिचारिका संवर्ग (नर्सिंग ऑफिसर) के रिक्त पदों पर निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

आवेदन की अंतिम तिथि – दिनांक 12.09.2024 से दिनांक 21.09.2024 सायं 05 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

नोट :– यह विज्ञप्ति केवल शैक्षणिक सत्र–2018–19 में उत्तीर्ण अनुबंधित (बॉण्डेड) छात्राओं हेतु ही मान्य होगी।

पदनाम :– (नर्सिंग ऑफिसर)

01. सीधी भर्ती हेतु पद संख्या :– 23

| स.क्र. | श्रेणी | बिना वर्ग | |
|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला |
| 1 | अनारक्षित | 7 | 1 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 4 | 1 |
| 3 | अनुसूचित जाति | 1 | 0 |
| 4 | अनुसूचित जनजाति | 3 | 0 |
| 5 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 5 | 1 |
| | योग | 20 | 3 |

02. अर्हताएं :–

| स.क. | पद का नाम | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक अर्हतायें |
|---|---|---|---|
| 1 | नर्सिंग ऑफिसर | 18 वर्ष | 1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के साथ (10+2) शिक्षा पद्वति से 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. बी.एस.सी. (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षित।<br>3. मध्यप्रदेश नर्सिंग कौंसिल में पंजीकृत परिचारिका। |

अस्पताल अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल (म.प्र.)

प्रभारी अधिकारी (स्थापना अराज.)
बिरसा मुण्डा शा.चि.म.वि.शहडोल (म.प्र.)

अधिष्ठाता
बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल(म.प्र.)

शर्ते एवं निर्देश :-

1. नर्सिंग ऑफिसर की नियुक्ति प्रथम 03 माह के लिए निश्चित पारिश्रमिक रू.-10,000/-(दस हजार रूपयें) पर की जावेंगी। 03 माह पश्चात कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा ली जावेगी। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात ही अभ्यार्थियों को नियमित स्थापना के पदों में नियुक्त किया जावेगा। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक/सी.03-13/2019/3/एक भोपाल, दिनांक 12.12.2019 के अनुसार नियमित पद पर 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जावेगा। परिवीक्षा अवधि में पद के वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत,द्वितीय वर्ष में 80 प्रतिशत, एवं तृतीय वर्ष में 90प्रतिशत राशि, स्टायपेंड के रूप में देय होगी। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारंभ किया जायेगा।
2. पदों की संख्या में नियमानुसार वृद्धि या कमी हो सकती है।
3. पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार रहेगा, आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।
4. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- कार्यालय अधिष्ठाता, बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुदरी रोड, चांपा शहडोल (म.प्र.) पिन - 484001 में **"बी.एस.सी.नर्सिंग उत्तीर्ण अनुबंधित छात्राओं के पद हेतु आवेदन पत्र दिनांक 12.09.2024 से 21.09.2024 सायं 05:00 बजे तक** केवल व्यक्तिगत रूप से एवं डाक के माध्यम से जमा किये जावेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी।
5. म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ आवेदन पत्र का प्रारुप बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की अधिकृत वेबसाइट www.gmcshahdol.org में उपलब्ध रहेगी।

अधिष्ठाता
बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल (म.प्र.)

अस्पताल अधीक्षक एवं
संयुक्त संचालक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय

प्रभारी अधिकारी (स्थापना अराज.)
बिरसा मुण्डा शा.चि.म.वि.शहडोल (म.प्र.)

अधिष्ठाता
बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल(म.प्र.)

**अन्य शर्ते :-**

1. यात्रा भत्ता :- दस्तावेज सत्यापन के लिये किसी भी अभ्यार्थी को यात्रा भत्ता इस संस्था द्वारा नहीं दिया जावेगा उन्हें स्वयं के व्यय पर यात्रा करना होगा।
2. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2024 को 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिये।

   म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक सी 3-8/2016/1/3 दिनांक 04 जुलाई 2019 के अनुसार निम्न संवर्गो के अंतर्गत आने वाले अभ्यार्थी की अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार होगी :-

   - अनारक्षित वर्ग के लिए - 40 वर्ष
   - अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, शासकीय/निगम/मण्डल/ स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिकों/निःशक्तजन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए 45 वर्ष ।
3. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को तत्संबंध का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारुप में सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. आरक्षण का लाभ म.प्र. के मूल निवासी को ही दिया जावेगा।
5. उम्मीदार को शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. सेवा की अन्य शर्ते नियुक्ति पत्र में दर्शाये अनुसार बंधनकारी होंगी।
7. यदि कोई आवेदक किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में पूर्व से कार्यरत् है तो उसे आवेदन के समय ही नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य अभ्यार्थियों को रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. निर्धारित न्यूनतम आयु के पूर्व विवाह करने वाले उम्मीदवार को नियुक्ति के लिए पात्रता नहीं होगी दिनांक 26.01.2001 के बाद जिस आवेदक को दो से अधिक संतान जन्म लिया है उसे नियुक्ति की पात्रता नहीं होगी।
9. अपूर्ण आवेदन का संपूर्ण दायित्व आवेदक का होगा तथा आवेदन स्वीकार न होने की स्थिति में तद्विषयक पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
10. चयनित प्रत्याशी की नियुक्ति पुलिस वैरीफिकेशन में उपयुक्त पाये जाने की प्रत्याशा में की जाती है, यदि भविष्य में पुलिस वैरीफिकेशन/चरित्र सत्यापन के पश्चात प्रतिकूल तथ्य प्राप्त होने पर सेवायें समाप्त की जाने की कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगी।
11. नियुक्ति इस संस्था के सेवा शर्तो के अधीन होगी, संस्था अपनी सेवा शर्तो में आंशिक सुधार एवं परिवर्तन कर सकेगी।
12. स्कूटनी परिणाम एवं चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी संस्था की वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी। अद्यतन जानकारी के लिए वेबसाइट www.gmcshahdol.org का निरंतर अवलोकन करें। यदि आवेदक समय-समय पर जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो अभ्यार्थी की दावेदारी मान्य नहीं की जावेगी।
13. यदि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत गलत जानकारी के आधार पर चयन/नियुक्ति होती है तो, भविष्य में संबंधित की अभ्यार्थिता तत्काल निरस्त की जावेगी एवं तद्नुसार विधिक कार्यवाही संस्थित की जावेगी।
14. भर्ती नियमों के अनुसार सीधी भर्ती में राज्य स्तरीय पदों/संवर्गो हेतु आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।
15. विज्ञाप्ति जारी होने के पश्चात किसी भी समय/बिना किसी कारण निरस्त करने का अधिकार संस्था के पास सुरक्षित होगा।
16. किसी भी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय संस्थान का होगा।

अधिष्ठाता
बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल (म.प्र.)

अधिष्ठाता
बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल(म.प्र.)

अस्पताल अधीक्षक एवं
संयुक्त संचालक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल (म.प्र.)

प्रभारी अधिकारी (स्थापना अराज.)
बिरसा मुण्डा शा.चि.म.वि.शहडोल (म.प्र.)

कार्यालय,अधिष्ठाता

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शहडोल (म.प्र.)

## आवेदन का प्रारूप

## "बी.एस.सी.नर्सिंग उत्तीर्ण सत्र-2018-19 (बॉण्डेड) अनुबंधित छात्राओं हेतु आवेदन का प्रारूप"

1. आवेदक का पूरा नाम (उपनाम सहित) ..................................................................
2. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) ..................................................................
3. जन्मतिथि ........../........../..................शब्दों में ..................................................................
   (सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)
4. श्रेणी (UR/ST/SC/OBC/EWS)-..................................................................
   (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)
5. आवेदक की आयु – (दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में) वर्ष ............माह...........दिन
6. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित) ..................................................................
   ..................................................................
7. स्थाई निवास का पूर्ण पता (पिनकोड सहित) ..................................................................
   ..................................................................
8. मोबाइल नं................................................ 9. ईमेल आई.डी. ..................................
10. आधार कार्ड नम्बर ..................................................................
11. आवेदक की वैवाहिक स्थिति – विवाहित/अविवाहित ..................................................................
12. विवाह होने की स्थिति में विवाह की तिथि ..................................................................
13. नर्सिंग काउंसिल का जीवित पंजीयन कमांक ..................................................................
14. रोजगार काउंसिल में जीवित पंजीयन क्रमांक ..................................................................
15. शैक्षणिक योग्यताऐं :- (विज्ञापन अनुसार पद हेतु उल्लेखित समस्त अर्हता परीक्षाओं की जानकारी)

| क्र. | परीक्षा का नाम | शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | प्राप्तांक/ पूर्णांक | प्रतिशत | प्रयास (Attempt) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं | | | | | | |
| 2 | 12वीं | | | | | | |
| 3 | बीएससी नर्सिंग | | | | | | |
| 4 | अन्य | | | | | | |

अन्य विशेष योग्यता (यदि हो तो) :-..................................................................

16. म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल का पंजीयन ।

| शैक्षणिक योग्यता | पंजीयन क्रमांक | दिनांक | रीन्यूवल की दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

17. वर्तमान पद एंव कार्यस्थल/ संस्थान (यदि लागू हो तो)..................................................

18. कार्य अनुभव :-

| क्रमांक | पदनाम | संस्था का नाम | किस दिनांक से किस दिनांक तक | कुल अवधि (वर्ष,माह,एवं दिन) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

(संलग्न दस्तावेजों की सूची)

19. 01 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

| क्र. | दस्तावेजों का विवरण | (हॉ/नहीं/लागू नहीं) |
|---|---|---|
| 1 | अनुबंध की छायाप्रति। | |
| 2 | 10 वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 3 | 12 वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 4 | बीएससी नर्सिंग हेतु कॉलेज अलॉटमेन्ट की छायाप्रति। | |
| 5 | बीएससी नर्सिंग परीक्षा के समस्त सेमेस्टर/वर्षो की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 6 | आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 7 | सक्षम अधिकारी द्वार जारी म.प्र. के मूल/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 8 | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 9 | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वर्तमान वित्तीय वर्ष का ई.डब्लू.एस प्रमाण पत्र। | |
| 10 | वर्तमान वित्तीय वर्ष का आय प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 13 | निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा 26.01.2001 के पश्चात तीसरी संतान न होने का स्वघोषित शपथ-पत्र। | |
| 14 | विधवा/परित्यकक्ता/तलाक शुदा की स्थिति में नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तद्विषयक शपथ-पत्र। | |
| 15 | अनुभव प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 16 | जीवित रोजगार पंजियन। | |
| 17 | म.प्र.नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल का जीवित पंजीयन | |
| 18 | 02 नग पासपोर्ट साइज फोटो | |

स्थानः- ................................

दिनांक :- ................................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

## //घोषणा पत्र//

मैं प्रमाणित करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/ नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**स्थानः– ....................................**

**दिनांक :– ................................**

**आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर**